Brandeis | LIBRARY
brandeis.edu/j-caste

CASTE: A Global Journal on Social Exclusion
Vol. 7 No. 2 pp. 410-411
October 2026
ISSN 2639-4928

DOI: 10.26812/caste.v7i2.2607

क्लास / वर्ग

Gaurav J. Pathania[1]

कहते हैं कि- रिश्ते अपनी बराबरी वालों में होने चाहियें

ये सोचकर एक बहुत ही शिक्षित-वर्ग के मित्र

चल दिए ढूँढ़ने अपने जैसा एक जीवनसाथी

घूमे-भटके बरसों बरस

सारे मेट्रो शहर छान मारे

जब खुद थक-हार गए

तब अख़बार में इश्तिहार दिए

पर सारे प्रयास बेकार गए

बहुत देर से समझे

कि ये दौलत, शोहरत, लव, रोमांस वाली

ग्लोबली एजुकेटेड मॉडर्न "क्लास" भी

फ्रीडम, इक्वेलिटी, बराबरी रटते-रटते

आख़िर में जाति के मंदिर में घुटने टेक देती है।

... जब से मित्र ये जान गए हैं, काफी चुप रहते हैं

आजकल सरनेम और गौत्रों का मैनिफेस्टो समझ रहे हैं।

अपने रे-बैन सनग्लासेस लगाए

अक्सर बड़बड़ाते रहते हैं कि

हमारे यहाँ जोड़ियाँ वर्ग में नहीं,

स्वर्ग में बनती है।।

[1]Assistant Professor of Sociology & Peacebuilding, Eastern Mennonite University, Virginia
E-mail: gaurav.pathania@emu.edu

© 2026 Gaurav J. Pathania. This is an open access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution License, which permits unrestricted use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original author(s) and source are credited.

Class

Relationships should be among equals, so they say.
With this in mind, an educated friend
Set forth to find
A life partner like himself.
He roamed around for years and years,
From city to city,
Until, at last, frustrated, he
Turned to matrimonial ads.
Yet all efforts were in vain
For he finally realized that
This globally educated, so-called modern class,
With their wealth, fame, love, and romance,
While rambling on about freedom and equality
Ultimately kneels at the temples of caste.

Since then, he chose silence as a companion,
Reluctantly delving into surnames and lineages (*jati & gotras*)
Glancing at me through his Ray-Ban sunglasses,
I hear him mutter,
"In this casteist world,
matches are not made through one's class
But in heaven."
****

Acknowledgment

The author is indebted to Dr. Kevin Seidel (PMC, Portland) for the English translation